हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर 2024

## चोरों ने घर से उड़ाए 1.14 लाख के गहने

**नागपुर।** कलमना पुलिस थाने के भरतवाड़ा स्थित मानसी लेआउट में एक बंद घर में सेंधमारी कर चोरों ने सोने चांदी के आभूषण सहित एक लाख 14 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ किया। जानकारी के अनुसार यह घटना 9 दिसंबर की सुबह 10 बजे से 10 दिसंबर की दोपहर करीब 4:30 बजे के बीच में हुई। फरियादी प्लॉट नंबर 41 मानसी लेआउट भरतवाड़ा निवासी कांचन गजानन गिरडकर (45) बताई जा रहे हैं. घटना वाले दिन सुबह 10 के दौरान कांचन अपने घर को ताला लगाकर परिवार सहित अपने रिश्तेदार के यहां गई हुई थी। इसी बीच अज्ञात चोरों ने उनके घर के मुख्य दरवाजे की कड़ी तोड़कर अंदर दाखिल हुए और लकड़ी की अलमारी से सोने चांदी के आभूषण सहित 1.14 लाख के माल को चुरा लिया।

# डकैती की तैयारी कर रहे अपराधियों का भंडाफोड़

## पुलिस की सतर्कता से टली डकैती की बड़ी वारदात, 5 आरोपी गिरफ्तार



**नागपुर।** हुड़केश्वर पुलिस के डीबी स्क्वाड ने 6 दिसंबर की तड़के एक बड़ी डकैती की वारदात को नाकाम कर दिया। पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पिस्तौल, चाकू और डकैती के अन्य औजार बरामद किए गए हैं। यह गैंग एक व्यापारी के घर डाका डालने की तैयारी में था, लेकिन पुलिस की तत्परता से उनकी योजना विफल हो गई। डीसीपी जोन 4 रश्मिता राव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने कई दिनों तक व्यापारी की रेकी की थी और डकैती की योजना बनाई थी। व्यापारी के घर में भारी मात्रा में धन और जेवर होने की सूचना के बाद आरोपी वहां डाका डालने के लिए तैयार हो गए थे। इसके लिए उन्होंने मध्यप्रदेश से पिस्तौल और चार कारतूस खरीदे थे, साथ ही चाकू, तलवार, मिर्ची पावडर और रस्सी जैसे औजार भी इकट्ठे किए थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गड्डीगोदाम निवासी अमूल सतीश वालदे (34), रीवा निवासी अतुल हीरालाल वर्मा (29), क्षत्रदेव तेजबहादुर सिंह (29), शीलानगर निवासी रोहित तोतन घोष (24) और अनिल लीलचंद सरजारे (42) शामिल हैं। इनके एक साथी आदेश अंकुश मेश्राम (22), जो पिटेसुर, गोरेवाड़ा का निवासी है, पुलिस से भागते हुए बाइक से गिरकर घायल हो गया और उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने व्यापारी के घर पर डाका डालने के लिए ठवरे कालोनी, न्यू सुभेदार लेआउट में रेकी की थी। इसके बाद वे व्यापारी के घर की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे। आरोपी पहचान छुपाने के लिए वॉकी-टॉकी और एन-90 मास्क का इस्तेमाल कर रहे थे। 6 दिसंबर को तड़के डाका डालने की योजना थी, लेकिन पुलिस के गश्ती दल की सतर्कता के कारण वे पकड़े गए। पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने लक्ष्मीनगर में भी एक व्यापारी को अपहरण कर लूटने की योजना बनाई थी, लेकिन वहां वे सफल नहीं हो सके। पुलिस को उनकी सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। अतुल वर्मा पहले भी रीवा में अपहरण और लूट के मामलों में शामिल रहा है और हाल ही में जेल से बाहर आकर नागपुर में डकैती की योजना बना रहा था। डीसीपी रश्मिता राव ने बताया कि पुलिस की सक्रियता से बड़ी वारदात टल गई और अब तक पांच आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है, और उम्मीद जताई जा रही है कि मामले में और भी खुलासे हो सकते हैं।

## पेड़ काटने पर कॉलेज प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर



**नागपुर।**

नागपुर के ओमकारनगर स्थित कलोडे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देबाशीश भौमिक को कॉलेज परिसर में पेड़ काटने के आरोप में पुलिस ने गंभीर कानूनी कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार, जून माह में डॉ. भौमिक ने कॉलेज के परिसर में अवैध रूप से नौ पेड़ों की कटाई करवाई थी। इन पेड़ों में सागौन के दो, नीम के दो और आड़जात के पांच पेड़ शामिल थे। यह मामला तब सामने आया जब परिसर के नागरिकों ने इन पेड़ों की अवैध कटाई का विरोध किया और इसकी शिकायत नागपुर महानगरपालिका (मनपा) से की।

मनपा के उद्यान अधीक्षक अमोल चोरपगार ने मामले की जांच की और बाद में अजनी पुलिस से इस पर कार्रवाई करने की अपील की। पुलिस ने इस मामले में भौमिक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पेड़ काटने के इस कदम को लेकर पर्यावरण प्रेमियों और नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। इस घटना के बाद कॉलेज प्रशासन और शिक्षकों को पर्यावरणीय नियमों और पेड़-पौधों की सुरक्षा के प्रति अधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

## पहली मंजिल से गिरा पेंटर

**नागपुर।**

अंबाझरी पुलिस थाना अंतर्गत रामनगर स्थित एक गर्ल्स हॉस्टल में पेंटिंग का काम कर रहा मजदूर पहली मंजिल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। मृतक की पहचान दिनेश बाजीराव नेवारे (50) महाजनवाडी, गेदाम लेआउट एमआईडीसी निवासी के रूप में हुई है। यह घटना 10 दिसंबर की शाम करीब 4:30 बजे के दौरान हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश अंबाझरी परिसर स्थित घरौंदा गर्ल्स हॉस्टल ,106,रामनगर में पहली मंजिल पर पेंटिंग का काम कर रहा था। इस दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ा और वह सिर के बल जमीन पर गिर गया। गंभीर रूप से घायल होने के बाद उसे पहले निजी अस्पताल और बाद मेडिकल अस्पताल के ट्रामा सेंटर में दाखिल करवाया गया.

## दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

### कोराडी में युवक को धमकी देकर मांगे पैसे

**नागपुर।**

कोराडी में दो युवकों ने धमकी देकर एक व्यक्ति से पैसे की मांग की, बाद में मारपीट कर फरार हो गए। कोराडी के वार्ड नंबर 01, न्यू कोराडी निवासी रूपेश मन्नू रुताले (33) और उनके दोस्त कमलेश सावरकर के साथ 10 दिसंबर की रात एक चौंकाने वाली घटना घटी। दोनों युवक रात करीब 11:15 बजे अपने घर के पास अंगीठी जलाकर आग सेक रहे थे, तभी अचानक दो अजनबी युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे। आरोपियों ने रूपेश को धमकाते हुए कहा कि, तुम मुझे पहचानते नहीं हो, मैं कोराडी का दादा हूं। यहां मेरी दहशत चलती है, लोग मुझे पैसे देते हैं। तुम दोनों मुझे 1000 दो, नहीं तो देख लो। इस धमकी का जवाब देते हुए रूपेश ने पूछा कि पैसे क्यों चाहिए, तो दोनों आरोपी आगबबूला हो गए और बिना कोई जवाब दिए, रूपेश और उसके दोस्त के साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट करने के बाद दोनों आरोपी वहां से फरार हो गए। रूपेश ने इस घटना की शिकायत कोराडी पुलिस थाने में की।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को चेक किया, जिससे आरोपियों की पहचान हुई। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने शुभम अरुण झोरे (25), निवासी कृष्ण अपार्टमेंट, बोखरा और आयुष योगेश वानखेड़े (20), निवासी वेलकम सोसायटी, बोखरा की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपियों ने अपराध को अंजाम देने की बात कबूल की। कोराडी पुलिस अब इस मामले की आगे की जांच कर रही है।

## नशेड़ी कार चालक ने 2 बाइक सवार को मारी टक्कर

### भागने के चक्कर में दो जगह ठोकी कार, फिर लोगों ने पीटा

**नागपुर।**

नागपुर के एमआईडीसी थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में कार चलाते हुए दो दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद युवक भागने की कोशिश करता रहा और इस दौरान उसने दो जगहों पर कार से टक्कर मारी। बाद में कार पेड़ से टकराकर बंद हो गई और युवक को भागने का कोई रास्ता नहीं मिला। इस बीच गुस्साए स्थानीय लोगों ने युवक की जमकर पिटाई की और उसकी कार के शीशे पत्थर से तोड़ दिए। यह घटना बुधवार रात 9 बजे के आसपास हुई।

घटना के बारे में जानकारी देते हुए कुणाल भैयालाल तुरकर (23) ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। कुणाल, जो एक प्रापर्टी डीलर है, ने बताया कि वह अपने दो दोस्तों विक्की रतन नागदेव और दर्शन उपासे के साथ संगम रोड स्थित एक बार में शराब पीने गया था। शराब पीने के बाद वे तीनों कार से घर लौट रहे थे, तभी उनके दोस्त प्रज्वल कृपाले का फोन आया।

इसके बाद वे प्रज्वल को लेने के लिए हिंगना टी-प्वाइंट के पास गए। गाड़ी चलाते हुए कुणाल ने नशे की हालत में दो दोपहिया वाहनों को टक्कर मार दी, जिसमें दोनों वाहन सवार घायल हो गए। घबराए हुए कुणाल ने मौके से भागने की कोशिश की और इसी भागदौड़ में गाड़ी का नियंत्रण खो बैठा। पहले इलेक्ट्रिक पोल से टकराई, फिर एक पेड़ से टकराकर कार बंद हो गई। इसी दौरान चार लोग मौके पर पहुंचे और नशे में धुत कुणाल तथा उसके दोस्तों से गालीगलौच करते हुए मारपीट की। बाद में चारों ने गुस्से में आकर कार के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान कुणाल का महंगा मोबाइल फोन भी गायब हो गया।

### आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है और जांच शुरू कर दी है। कुणाल और उसके दोस्तों को इलाज के लिए पास के अस्पताल ले जाया गया। वहीं, स्थानीय लोगों ने हादसे के बाद गुस्से में आकर आरोपी युवकों को पीटा, जिससे मामला और भी तनावपूर्ण हो गया। पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# कारीगरों को सीधा बाजार से जोड़ने का अवसर

### रेशिमबाग मैदान में पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी कल से



**नागपुर।** पीएम विश्वकर्मा एक केंद्रीय क्षेत्र योजना अपने हाथों और उपकरणों में काम करने वाले कारीगरों और शिल्पकारों को शुरू से अंत तक सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 17 सितंबर, 2023 को प्रारंभ की गई थी। इस योजना में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में फैले 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पकारों की शामिल किया गया है। जिसमे बढ़ई (सुतार), नाव निर्माता, कवच बनाने वाला, लोहार, हथौडा और टूल किट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला), पत्थर तोड़ने वाला, मोची (चर्मकार)/ शुस्मिथ फुटवियर कारीगर, मेसान (राजमिस्त्री), टोकरी/ चटाई/ झाड़ू निर्माता/कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौना बताने वाले (पारंपरिक), नाई, माला बनाने वाले (मालाकार), धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले कारीगर शामिल है। योजना का उद्देश्य कारीगरों और शिल्पकारों को विश्वकर्मा के रूप में पहचान दिलाना है, जिससे वे अपने उद्यमों को स्थापित कर सके। साथ ही इस योजना का उद्देश्य, उन्हें कौशल उन्नयन प्रदान करना, उनके कौशल को निखारना, बेहतर और आधुनिक उपकरणों के लिए सहायता प्रदान करना, संपार्श्विक (कोलेटेरल) मुक्त ऋण तक उनका आसान पहुंच सुनिश्चित करना व डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना है। इससे उन्हें विकास के नए अवसरों तक पहुंचने में मदद मिलेगी।

यह योजना कारीगरों और शिल्पकारों हेतुपहचान, फौजल उन्नयन, टूलकिट प्रोत्साहन, क्रेडिट सहायता, डिजिटल लेनदेन के लिए प्रोत्साहन और विपणन सहायता जैसे विभिन्न नाभों का प्रावधान करती है। जिससे इन कुशल कारीगरी द्वारा निर्मित उत्पादों और सेवाओं की क्षमता और पहुंच दोनों की बढ़ाया जा सके। विश्वकर्मा को विपणन सहायता प्रदान करने और योजना के बारे में अधिक जागरुकता फैलाने के लिए, एमएसएमईविकास कार्यालय, नागपुर द्वारा 14 से 16 दिसंबर तक रेशिमबाग मैदान, नागपुर में 3 दिवसीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी/व्यापार मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी उन्हें कौशल उन्नयन और विपणन सहायता प्रदान करके विकास के नए अवसरों तक पहुंचने में मदद करेगी। यह बाजार से जुड़ाव के लिए भी एक मंच प्रदान करेगी। प्रदर्शनी का उद्घाटन 14 दिसंबर को सुबह 11.45 बजे केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक मोहन मते, जिला परिषद, नागपुर के सीईओ विनायक महामुनि, एमएसएमई विकास कार्यालय, नागपुर के डॉ.वी. आर.सीरसाठ, एमगीरी वर्धा के निदेशक डॉ.ए.ए. मुरकुटे, उद्योग नागपुर के जी.ओ. भारतीऔर कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उद्धाटन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। एमएसएमई विकास कार्यालय, नागपुर की सहायक निदेशक परिणीता पंधरामइस कार्यक्रम का समन्वय करेंगी। एमएसएमई-विकास कार्यालय, नागपुर विश्वकर्मा ने आम जनता से प्रदर्शनी में भारी संख्या में सम्मलित होकर कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने व परंपरागत शिल्पकारों एवं कारीगरों का उत्साह-वर्धन करने की अपील की है।

## गौवंश से लदा माल वाहन पकड़ा

### 7 मवेशी बरामद, एक गिरफ्तार



**नागपुर।** हुड़केश्वर पुलिस ने गोपनीय जानकारी के आधार पर गौवंश से लदा एक माल वाहन पकड़ा है, जिसमें 7 मवेशी बरामद हुए। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। गश्त के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आउटर रिंग रोड पर एक माल वाहन में गौवंश की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने विहीरगांव के समीप जाल बिछाया और एम.एच.31-एफ.सी.2489 नंबर के वाहन को रोककर उसकी तलाशी ली।

तलाशी में वाहन से 7 गौवंश बरामद हुए। पुलिस ने वाहन चालक ऋतिक गणपत चौधरी (20), जो कि नागतरोड़ी, भिवापुर का निवासी है, को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ महाराष्ट्र प्राणी संरक्षण कानून की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।






## नायलॉन मांजा की बिक्री पर लगाए पाबंदी



**नागपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्व नागपुर द्वारा जोन क्रमांक 3 के डिसीपी महक स्वामी को नायलॉन मांजे की बिक्री पर पाबंदी लाने को लेकर ज्ञापन दिया गया। भाजयुमो पुर्व नागपूर अध्यक्ष गुड्डू पांडे के नेतृत्व में एवं भाजपा पूर्व नागपुर अध्यक्ष सेतराम सेलोकर, भाजपा नागपुर शहर संपर्क प्रमुख संजय अवचट प्रमुख उपस्थिति में यह ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा पूर्व नागपुर महामंत्री सचिन करारे, भाजयुमो नागपूर शहर सहप्रसिद्धी प्रमुख मंगेश गोमासे, भाजयुमो पूर्व नागपुर शहर उपाध्यक्ष नितिन इटनकर, एजाज शेख, भाजयुमो पूर्व नागपुर महामंत्री गोविंदा काटेकर, हर्षल मलमकर, हर्षल वाडेकर, जयेश बिहारे, संपर्क प्रमुख शुभम पठाडे, सह-संपर्कप्रमुख विकास रहांगडाले, वार्ड अध्यक्ष सार्थक दारुणकर, शंकर विश्वकर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कोयते के साथ घूमते मिला अपराधी

**नागपुर।** शांतिनगर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मिली गोपनीय जानकारी के आधार पर एक अपराधी को घातक हथियार के साथ घूमते हुए गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी राकेश नारायण भूरे (19) पहाड़पुरा, लालगंज, शांति नगर निवासी बताया जा रहा है। उसकी तलाशी में एक लोहे का कोयता भी पुलिस ने बरामद किया है। बुधवार शाम शांति नगर पुलिस की टीम करीब 7:45 के दौरान परिसर में गस्त कर रही थी, इस दौरान उन्हें पहाड़पुरा रोड झंडे के पास संदिग्ध रूप में घूमते हुए राकेश दिखाई दिया। जब उसकी तलाशी ली गई तो उसकी कमर से लोहे का कोयता मिला। अवैध हथियार लेकर घूमने के चलते उसके खिलाफ शांति नगर पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।






CMYK

# तड़ीपार खत्म होते ही बदमाश ने जलाए वाहन, परिवार सदमे में

**वाड़ी.**

वाड़ी पुलिस थाने अंतर्गत बुधवार की देर रात कुख्यात बदमाश जिसकी हाल ही में तड़ीपारी खत्म हुई थी उसने उसके ही पड़ोसी के वाहन जलाने से परिसर में हड़कंप मचा हुआ है।

मिली जानकारी के अनुसार कंट्रोल वाडी निवासी सुरेंद्र पांडुरंग गजभिए उम्र 46 ये करीब 50 साल से चावला कॉम्प्लेस के पीछे खुद के घर में परिवार के साथ रह रहे है।करीब 4 किराएदार परिवार वहां रहते है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र के घर के पीछे ही आरोपी स्वयंवर उर्फ सेंटी मानेराव उम्र 32 ये अपने परिवार के साथ रहता है। बता दे कि आरोपी सेंटी मानेराव ये बदमाशी में शुरुआती से सक्रिय है।आरोपी सेंटी कई बार जेल भी रवाना हुआ है। शिकायतकर्ता सुरेंद्र गजभिए के पिता ,मां और पत्नी के साथ दो बेटी है जिसमें 12 साल की लड़की और ढाई साल की लड़की है। आरोपी सेंटी ये जेल से छुटके आने के बाद हर रोज अपने असामाजिक तत्वों वाले मित्रो को बस्ती में पीपल के झाड़ के नीचे बैठ कर शराब और गांजा पिलाता था।जिससे शिकायतकर्ता सुरेंद्र की पत्नी नीलिमा सुरेंद्र जगभिए उम्र 35 को बेटी छोटी होने के कारण गलत परिणाम नहीं पढ़ना चाहिए इस बात की तकलीफ थी।जिस बात का आरोपी सेंटी को गुस्सा आया।उसने परिवार को तथा शिकायतकर्ता की पत्नी नीलिमा को परेशान करना शुरू किया। पोले के दिन आरोपी सेंटी ने परिवार के ऊपर चाकू निकला था जिसकी शिकायत वाडी पुलिस को की गई थी।परंतु बार बार आरोपी सेंटी के रवैया तथा बदबाशी से पुलिस भी परेशान होने की जानकारी है।बता दे कि आरोपी सेंटी के ऊपर 6–7 मामले दर्ज है।जिसमें बॉडी ऑफेंस के साथ साथ 4/25 के गंभीर मामले दर्ज है।कई बार पुलिस ने तथा लोगों ने सेंटी को हाथ में हलवार लेकर घूमते देखा फिर भी कठोर करवाई नहीं होने से सभी परेशान है।



> सीसीटीवी के साथ घर में अंगार लगाने का किया प्रयास

> पुलिस से कोई मदद नहीं मिलने से परिवार में रोष

**क्या है मामला :** पुराने विवाद के चलते आरोपी सेंटी को परिवार के प्रति गुस्सा था।हमेशा की तरह बुधवार को भी आरोपी सेंटी शराब तथा गांजा पिया और बुधवार की रात 8 बजे दौरान परिवार जनो को सताने शिकायतकर्ता के घर के बाहर पहुंचा।उस समय 9:30 पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी।फिर भी हमेशा का होने के कारण पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कुछ खास निर्णय नहीं लिया और पुलिस वहां से सेंटी को बता कर निकल गई।उसके बाद आरोपी सेंटी ने जाकर डबकी में पेट्रोल भर के लाया।पेट्रोल का छिड़काव गाड़ियों के छिड़का।जिसमें इंडिका कार और दो टू व्हीलर एक्टिवा का समावेश है।आरोपी सेंटी ने पेट्रोल छिड़कते ही हर तरफ आग आग हुआ था।जिससे घर के परिजन और किराएदार निकालकर बाहर आए।उन्होंने देखा कि पूरी गाड़िया तहस नहस हुई है।और सीसीटीवी में मामला कैद न हो इसलिए सीसीटीवी को भी तबाह किया गया था।आग की कुछ लपटे घर के दूसरी माला तक पहुंच चुकी थी।

**परिवार परेशान :** इस मामले से परिवार काफी परेशान है।जानकारी मिली है कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ के लाने के बाद उसने खुद गाड़िया जलाने की जानकारी दी और साथ में परिवार के लोगों को धमकी भी दी कि जेल से छूट के आने के बाद पेट्रोल के गोले घर पे फेंके जाएंगे,मगर पुलिस नाकामियाद रही।

**आरोपी सेंटी ने पेट्रोल लाया कहा से? :** आरोपी सेंटी ने मामले के समय पेट्रोल का उपयोग किया।आरोपी सेंटी ने 5 लीटर की ड़पकी भर के इतनी रात को पेट्रोल लाया कहा से? ये सवाल खड़ा हो रहा है।इसके ऊपर भी जांच होने की मांग जोर पकड़ रही है।

**क्या कर रही पुलिस?:** बताया जाता है कि आरोपी सेंटी पहले से ही बदमाश में सक्रिय है।परंतु पुलिस हमेशा से करवाई करती है।फिर भी आरोपी की अलग अलग रवैए से अपराध करने से पुलिस भी काफी चिंतित है।जिससे आरोपी सेंटी के खिलाफ तड़ीपार करवाई करने की जानकारी है।

**करवाई होती रही पोस्टपेड :** दरअसल ये मामला बुधवार की रात 8 से 9 बजे के करीब का था।गुरुवार की दोपहर तक मामले में कोई परिवर्तन नहीं आया।पंचनामा नहीं हुआ और करवाई नहीं होने का आक्रोश परिवार जनो ने किया। गुरुवार की दोपहर 4 बजे तक मामला दर्ज होने का था।जबकि परिवार जन और शिकायतकर्ता सुरेंद्र गजभिए देरात से सुबह तक थाने में बैठे थे।

**एमपीडीए की तैयारी :** वाडी थाने के पुलिस निरीक्षक राजेश तटकरे ने बताया कि हमेशा से वाडी पुलिस करवाई कर रही है।कई बात चाकू मिलने पर करवाई हुई है।और इस मामले के बाद आरोपी सेंटी पर एमपीडीए की करवाई की तैयारी शुरू होने की जानकारी दैनिक भास्कर से बात करते समय दी।

## किसानों की मांग पूरी करने के लिए दिया ज्ञापन

**कामठी.**



किसान नेता, कृषि उत्पन्न बाज़ार समिति कामठी संचालक व मुंबई नियमन सभापति हुकुमचंद आमधरे, भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पाठक, महाराष्ट्र प्रदेश महिला अध्यक्ष विद्या नारायण सेलुकर जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने कहा कि हम दिल्ली गौतमबुद्ध नगर किसानों की पीड़ा को समझते हैं और उनकी मांगों का समर्थन करते हैं. कर्ज माफी समेत तमाम मांगों पर सरकार को तुरंत अमल करना चाहिए. जब अन्नदाता खुशहाल होंगे तभी देश खुशहाल होगा. शंभु बॉर्डर पर दिल्ली कूच को तैयार आंदोलनरत किसानों पर आंसू गैस के गोले दागने पर उन्होंने निंदा की है. उन्होंने कहा कि सरकार उनकी मांगों और समस्याओं को सुने और उनका समाधान करे. उन्होंने यह भी कहा कि किसान सरकार के समक्ष अपनी मांगों को रखना चाहते हैं. वे अपनी पीड़ा जताने के लिए दिल्ली आना चाहते हैं, लेकिन उन पर आंसू गैस के गोले दागे गए. सरकार की ओर से उन्हें तरह-तरह से रोकने के प्रयास किये गये. यह पूरी तरह से निंदनीय है. उन्होंने कहा कि सरकार को किसानों की मांगों और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनना चाहिए. जिनमें किसान प्रमुख अध्यक्ष सहित किसान मोर्चा के किए गए सभी गिरफ़्तार साथियों को बिना शर्त जल्द से जल्द रिहा किया जाए. पूरे देश में किसान आंदोलन का उत्पीड़न बंद किया जाए. धरना स्थल से पुलिस का पहरा हटाया जाए. आदि मांगो का समावेश है.

## शिवसेना में युवाओं का पार्टी में प्रवेश

**कलमेश्वर.**

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के कार्यालय में आज, 11 दिसंबर को एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। इस सभा में शिवसेना के पूर्व नागपुर उपजिला प्रमुख विनोद जीवतोडे, कमलेश्वर पंचायत समिति के पूर्व सभापति मधुकरराव दळवी और तालुका प्रमुख राहुल चुनारकर की प्रमुख उपस्थिति रही. शिवसेना के पूर्व नागपुर जिला उपप्रमुख एवं वर्तमान शहर प्रमुख सुरेश लंगड़े के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवाओं ने शिवबंधन बांधकर शिवसेना में प्रवेश किया। इस अवसर पर उपप्रमुख ब्रिजलाल रघुवंशी, युवा सेना तालुका प्रमुख किशोर तुरकर, शिवसेना उपप्रमुख विजय वाघधरे, दिवाकर कडू, बाबाराव गोतमारे, विलास बारमासे, राजेश बोरकर, प्रदीप कट्यारमल, निलेश बोरकर, प्रवीण ठाकरे, जगदीश परिहार, शिवशंकर ताजने, महेश डहाके, कैलास आटेकर, महादेव निकम, प्रफुल गोंडाने, दिनेश डहाके, गजानन महाजन, चंद्रशेखर मेहरे, नंदलाल धनगरे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। सभा में युवाओं ने शिवसेना की विचारधारा को आत्मसात करते हुए पार्टी की सदस्यता ली और पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## कोंढाली में दत्त जयंती महोत्सव का शुभारंभ

> पांच दिवसीय कीर्तन महोत्सव का आयोजन

**कोंढाली.**



कोंढाली के रामनगर (बस स्टेशन के पीछे) में दत्त जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पांच दिवसीय धार्मिक उत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गुरुचरित्र पारायण एवं विभिन्न कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

महोत्सव में मुख्य प्रवचन एवं कीर्तन करने के लिए कई प्रसिद्ध भजन कीर्तनकारों को आमंत्रित किया गया है। इनमें ह.भ.प. नारायण महाराज काळे, ह.भ.प. सोपान महाराज कालबांडे, ह.भ.प. नारायण महाराज शिंदे, ह.भ.प. हरिओम महाराज निंभोरकर, और ह.भ.प. एकनाथ महाराज सद्गीर शामिल हैं। 15 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एकनाथ महाराज सद्गीर द्वारा 'गोपाल काला कीर्तन' का आयोजन होगा। उसी दिन रात 8 बजे ह.भ.प. खुशाल वैद्य द्वारा भारूड कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

महोत्सव के दौरान मृदंगाचार्य ह.भ.प. भास्कर महाराज राजगुरु, ह.भ.प. जालंधर महाराज तौर, ईश्वर महाराज उईके, ह.भ.प. नंदकिशोर महाराज बालपांडे और ह.भ.प. ईश्वर महाराज हागवणे जैसे प्रसिद्ध गायनाचार्य अपनी प्रस्तुतियों से धर्मोत्सव की शोभा बढ़ाएंगे। दत्त जयंती महोत्सव समिति ने इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभी भक्तजनों से इस धार्मिक उत्सव में भाग लेकर पुण्य अर्जित करने की अपील की है।

## कल वलनी में सेवक सम्मेलन

**खापरखेडा.**



बाबा जुमदेव को मानने वाले मानव धर्म का प्रचार करने वाले परमात्मा एक सेवक मंडल मुख्य संयोजक वलनी बस्ती व चनकापुर तथा मुख्य आयोजक वच्छलाबाई केशव चौधरी जेष्ठ मार्गदर्शीका द्वारा परमात्मा एक सेवक मंडल का वलनी गांव में 14 दिसंबर शनिवार को भव्य सेवक सम्मेलन का आयोजन किया गया है, 13 दिसंबर को परमात्मा एक सेवक मंडल वलनी द्वार जन- जागृति भजन, 14 दिसंबर सुबह 7 से 8 भुनेश्वर शेंडे के निवास में सामूहिक एकता हवन, सुबह 8 से 11 शोभायात्रा, 12 से 12.30 उद्घाटन व दीप प्रज्जलन ,12:30 से 1 भगवान बाबा हनुमान व महान त्यागी बाबा जुमदेवजी की फोटो की पूजा व प्रार्थना, दोपहर 1 से 4 भगवत कार्यकी चर्चा बैठक, अनुभव व मार्गदर्शन ,शाम 5 से महाप्रसाद का आयोजन किया ,सम्मेलन का उद्घाटन परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के उपाध्यक्ष मनोहर देशमुख द्वारा जिसकी अध्यक्षता परमात्मा एक सेवक मंडल नागपुर के अध्यक्ष राजू मदनकर करेंगे। पुलिस निरीक्षक अरविंद कातलाम, पूर्व जि. प.सदस्य अशोक तांदुलकर, वलनी सरपंच अरविंद गजभिए, उपसरपंच मो.लाइक अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता अमर जैन उपस्थित रहेंगे । शोभायात्रा मार्ग पर जगह-जगह स्वागत गीत लगाए गए अनेक गांव से झांकियां, लेजिम नृत्य व आदिवासी नृत्य को रखा गया है।

## सौर कृषि पंप योजना ने एक लाख का आंकड़ा किया पार

**नागपुर.**



महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी (महावितरण) ने 'मांगने पर मिलेगा सोलर कृषि पंप' योजना के तहत एक लाख सोलर पंप स्थापित करने का लक्ष्य पूरा कर लिया है। इस योजना के तहत किसानों को मात्र 10 प्रतिशत राशि जमा करके सोलर पैनल और कृषि पंप का पूरा सेट उपलब्ध कराया जा रहा है। महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक लोकेश चंद्र ने यह जानकारी दी।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मार्गदर्शन में किसानों की सिंचाई से जुड़ी पेंडिंग समस्याओं को हल करने के लिए यह योजना प्राथमिकता के साथ लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य किसानों को दिन में सिंचाई की सुविधा और विद्युत आपूर्ति से स्वतंत्रता प्रदान करना है। महाराष्ट्र सोलर कृषि पंपों की स्थापना में देश में अग्रणी बन चुका है। हाल ही में केंद्र सरकार की एक बैठक में राज्य के इस सराहनीय कार्य का विशेष उल्लेख किया गया। 11 दिसंबर 2024 तक महावितरण ने राज्य में कुल 1,01,462 सोलर कृषि पंप लगाए हैं। इनमें से सबसे अधिक 15,940 पंप जालना जिले में स्थापित किए गए हैं। इसके बाद बीड (14,705), परभणी (9,334), अहिल्यानगर (7,630), छत्रपति संभाजीनगर (6,267), और हिंगोली (6,014) जिले प्रमुख स्थान पर हैं। राज्य सरकार ने फरवरी 2024 में बजट के दौरान इस योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत राज्य में कुल 10.5 लाख सोलर कृषि पंप लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इससे उन किसानों की समस्याओं का समाधान होगा, जो कृषि पंप के लिए पैसा जमा करने के बावजूद विद्युत कनेक्शन के इंतजार में थे। इस योजना में किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत केंद्र से 30 प्रतिशत और राज्य सरकार से 60 प्रतिशत अनुदान मिलता है। शेष 10 प्रतिशत राशि किसानों को चुकानी होती है। अनुसूचित जाति और जनजाति के किसानों के लिए यह योगदान घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। महावितरण ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न योजनाओं के तहत 2 लाख सोलर पंप स्थापित किए हैं, जिनमें से एक लाख पंप सिर्फ इस वर्ष 'मांगे पर सोलर कृषि पंप योजना' के तहत लगाए गए हैं।

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी जरूरी: ठाकुर

**कोंढाली.**



अब आज की जीवन शैली, रहन-सहन, शिक्षा व्यवस्था में बहुत कुछ बदलाव आया है. तकनीकी और डिजिटल शिक्षा के बढ़ते उपयोग ने शिक्षा को आसान तो बना दिया है, लेकिन चुनौतियां भी बढ़ गई हैं। हर क्षेत्र में विज्ञान एवं तकनीकी प्रौद्योगिकी का उपयोग में आज का छात्र सदैव आगे बढाते रहना चाहिए, तभी तो भारत का भविष्य विकास और उन्नति के बढेगा. आज के आधुनिक युग में नव नवीन संकल्पनाओं पर आधारित विज्ञान प्रदर्शनी को विकसित करना समय की मांग है. विधायक चरणसिंग ठाकूर द्वारा यह मार्गदर्शन कचारी सावंगा के आदर्श कनिष्ठ महाविद्यालय हायस्कूल में तालुका स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। विज्ञान तथा तंत्रज्ञान में नवीन संकल्पनाओं को बढ़ावा देने के लिए काटोल पंचायत समिति के शिक्षण विभाग द्वारा आदर्श विद्यालय तथा कनिष्ठ महाविद्यालय, कचारी सावंगा में तालुका स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम का उद्घाटन काटोल-नरखेड विधानसभा क्षेत्र के विधायक चरण सिंग ठाकुर ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिती सभापती संजय डांगोरे ने की जि प सदस्या पुष्पा चाफले, स्कूल के संस्थापक शिवदयाल दुबे, नीलेश दुबे, दिलेश ठाकरे, किशोर गाढवे, ब्लाक शिक्षा अधिकारी अशोक काले , मुख्य अतिथि प्रदीप कुमार जनबंधु, शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जावेद इकबाल, प्राचार्य मुकेश दुबे, केंद्र प्रमुख महेश राकेश थे. केंद्र प्रमुख नीलकंठ लोहकरे मुख्य रूप से उपस्थित थे. उच्च प्राथमिक समूह (कक्षा 6 से 8) में प्रथम पुरस्कार - आदित्य शेंडे उच्च प्राथमिक विद्यालय, कलंबा), द्वितीय पुरस्कार - वंश बोरजे उच्च प्राथमिक विद्यालय, फेटरी) और तृतीय पुरस्कार - पलक आहूजा (आर्किड पब्लिक स्कूल, काटोल) तथा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक समूह (कक्षा 9 से 12) में प्रथम स्थान - रितेश युवनाते (लाखोटिया भुटाडा कनिष्ठ महाविद्यालय, कोंढाली), द्वितीय स्थान - अनुष्का बोंद्रे (बीआर जूनियर कॉलेज, काटोल) जबकि तीसरा स्थान जुबैर शेख (आदर्श विद्यालय, कचारी सावंगा) ने हासिल किया। इसके साथ शैक्षणिक साहित्य निर्मिती प्राथमिक शिक्षक समूह से गंगाधर गायकवाड उच्च प्राथमिक विद्यालय, धोतीवाड़ा) और माध्यमिक शिक्षक समूह से भरत लाखोटे (ग्राम विकास विद्यालय, मेटपंजरा) और प्रह्लाद जयपुरकर (लाखोटिया भूतड़ा विद्यालय, कोंढाली) ने शीर्ष स्थान हासिल किया। शैक्षिक सामग्री उत्पादन समूह किया गया .अतिथियों द्वारा विजेताओं को संम्मान चिन्ह, प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिकृति का मूल्यांकन नबीरा महाविद्यालय, काटोल के प्रो. पुष्पराज भुयार, प्रो. लीना मानकर, प्रो.जगदीश सिरस्कर, प्रो. नीलिमा पाठे, प्रो. राहुल बंसोड़, प्रो. रूपाली तिखे, प्रो. प्रिया भक्ते, प्रो. महेश भोसे ने किया।

## जरूरतमंद गरीबों को बांटे कंबल

> भगत परिवार चला रहे 7 वर्षों से सामाजिक उपक्रम

**वाडी.**





समाज में कई लोग जन्मदिन और मृत्युतिथि पर लाखों रुपए खर्च करते हैं, लेकिन समाज को इससे कुछ नहीं मिलता. सामाजिक कार्यकर्ता जनार्दन भगत ने अपने पिता के और नाना के स्मृति दिवस पर बिना कोई पैसा खर्च किये 100 जरूरतमंद गरीबों के बीच कंबल वितरण कर अपना सामाजिक दायित्व निभाया.माझी वसुंधरा अभियान के तहत उत्तम किड्स कॉन्वेंट के अध्यक्ष श्री जनार्दन भगत ने गुरुवार को ग्राम पंचायत वडधामना में बुद्धवासी उत्तमराव भगत और माता के पिता तुकाराम इंगोले की स्मृति में गांव के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए।उत्कर्ष ज्ञान विकास बहुउद्देश्यीय संस्था वाड़ी की ओर से हर वर्ष भगत परिवार अपने पिता के स्मृति दिवस पर नये आयोजनों में भाग लेता है।इस वर्ष नागपुर शहर में जरूरतमंद गरीब लोगों को कंबल वितरित किये गये।इस कार्यक्रम में वडधामना के सरपंच धीरज आंबटकर, सचिव विष्णु पोटभरे, नागलवाड़ी के पूर्व सरपंच नाना नपकाले, पत्रकार विजय खवसे, सौरभ पाटिल, शिक्षिका रजनी बढ़गे और लाभार्थी मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने जरूरतमंद लोगों को कंबल बांटे. इस अवसर पर उत्कर्ष ज्ञान विकास बहुउद्देश्यीय संगठन के अध्यक्ष जनार्दन भगत ने कार्यक्रम की जानकारी दी और कार्यक्रम का नियोजन कर लाभार्थियों को कार्यक्रम का लाभ दिया।

## कोंढाली बस स्टैंड के आधुनिकीकरण का निर्माण कार्य प्रारंभ

**कोंढाली.**




यहाँ के 63 वर्ष पुराने बस स्टेशन के अद्यावतन के निर्माण कार्य 12 दिसंबर से प्रारंभ किया गया है.फलस्वरूप इस बसस्टेशन से आवाजाही करणे वाले एस टी महामंडल के यात्री बसों यात्रा करने वाले यात्री तथा स्कूली छात्र छात्राओं छात्राओं राज मार्ग के सर्व्हिस रोड पर यात्री सेवा दे रहे है. इस बीच यात्रीयों सफर के लिये एस टी की यात्री बसों को खडे करने के लिये उचीत बंदोबस्त किये जाने की मांग की गयी है. साथ ही ग्रामिण आंचल से पढाई के लिये आने वाले तथा पढाई के बाद अपने अपने गांव जाने के लिये एस टी महामंडल द्वारा छोडी जानेवाली बसों को अस्थाई उचित स्टाप मुहय्या कराया जाय अथवा स्कूल के लिये छोडी जानेवाली बसों को स्कूल के मैदान के पास पहूंचाने की मांग भी की गयी.

यहाँ के नगर पंचायत तथा राजमार्ग प्राधिकरण के ओर से अटलांटा टोलवाटोल द्वारा यात्री बसों से आवाजाही करणे वाले यात्रीयों के सहूलीयत के लिये उचित कदम उठाने घोषणा कि. गयी है. कोंढाली के नागरिककों के यात्री सेवा के लिये यहाँ मई 1963 में बस स्टेशन शुरु किया गया था.वर्ष 2011 में तेज तूफानी बारिश में यहाँ के बस स्टेशन की पुरानी छत क्षतिग्रस्त हुई थी. इस अवसरपर पर तीन यात्रीयों को चोटें आयी थी. इस घटना को पुर्व मंत्री अनिल देशमुख द्वारा गंभीरता से लेते हुऐ नये बस स्टेशन के लिये५७लाख की विकास निधी मंजूर कर यहाँ के बसस्टेशन का नव निर्माण कार्य किया गया तथा 17 लाख में वाहनं तल का डांबरीकरण किया गया था.

### यात्रियों और छात्रों से सहयोग की अपील

इसी प्रकार कोंढाली बस स्टेशन के अद्यावतन के लिये पुर्व मंत्री अनिल देशमुख तथा जि प सदस्य सलील देशमुख के प्रयासों के चलते तीन करोड रूपयों की मंजुरी दिलाई थी. 12 दिसंम्बर को मंजूर निर्माण निधी से सिमेंटीकरण, ह्वेदर शेड, तथा महिला पुरूष प्रसाधन गृह निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है. यात्रीयों तथा छात्रों द्वारा उचित सहयोग की मांग काटोल डेपो मैनेजर अनंत तातर, कोंढाली बस स्टेशन के यातायात नियंत्रक इमरान खान पठाण तथा एकनाथ बोंद्रे द्वारा सहयोग की अपील की है.

## अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में मोहन माकड़े सम्मानित




**कामठी.**

जेके लक्ष्मी सीमेंट का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन थाईलैंड स्थित पटाया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ. इस अवसर पर सीमेंट संयंत्र संचालन पर दिशा निर्देश मानदंडों के संस्करण का भी विमोचन किया गया. जिला परिषद सदस्य मोहन माकड़े ने भी गायत्री स्टील की तीन बहनों में पार्टनर चंदा मोहन माकडे, कुंदा नाटकर, गायत्री मानकर की ओर से प्रतिनिधित्व कर आयोजित सम्मेलन का दौरा किया. सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत विशेष पत्रों को योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान किए. जिनमें ज़िला परिषद सदस्य व भिलगांव के पूर्व सरपंच मोहन माकड़े को भी स्मृतिचिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया.

## नगर परिषद उमरेड का अतिक्रमण हटाओ अभियान

**उमरेड.**



उमरेड नगर परिषद ने उमरेड पुलिस की मदद से शहर की मुख्य सड़क के दोनों किनारों पर किया गया अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू किया. इस अतिक्रमण हटाओ अभियान से अतिक्रमणधारी पानठेले वालों समेत अन्य दुकानदारों में भारी असंतोष निर्माण हुआ. दुकान हटाने से अब उन पर भुखमरी की नौबत आ सकती है. बुधवार को भी कार्रवाई की गई. शहर में सप्ताह भर चलने वाले अतिक्रमण हटाओ अभियान के पहले दिन मंगलवार को सड़क के दोनों किनारे पर से करीब 50 से 60 पानटपरियां तथा अन्य दुकानों के शेड जेसीबी मशीन के माध्यम से तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया. इस अभियान को देखते हुए कुछ अतिक्रमणकारियों ने अपनी पानटपरी तथा दुकान के आगे आये शेड और सीढ़ियां स्वयं ही हटा ली. इस अभियान के तहत मंगलवार को उमरेड नप कार्यालय के पास से लेकर तो पुराना बस स्टैंड परिसर तक सड़क के दोनों ओर किया गया अतिक्रमण 2 जेसीबी मशीनें लगाकर हटाया गया. पुराना बस स्टैंड के अतिक्रमित पानटपरी तथा अन्य दुकानें पूरी तरह हटाई गई. इस कार्रवाई के दरम्यान शहर वासियों की भारी भीड़ एकट्ठा हो गई थी. कार्रवाई को लेकर उमरेड नप प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का पक्षपात नहीं करने की मांग पानटपरी मालिकों ने की है. बुधवार को पुराना बस स्टैंड से शहर के इतवारी मेन रोड तक सड़क के दोनों ओर किया गया अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई किये जाने के बारे में बताया गया. मेन मार्केट लाइन की सड़क की दोनों किनारो पर बढ़ रहे अतिक्रमण से सड़कें सिकुड़कर सड़क से यातायात करते वक्त तथा गाड़ियां दुकानों के आगे पार्क करने से ट्रैफिक जाम हो जाता है. इसकी शिकायत उमरेड नप से की गई थी. इसके चलते उमरेड नप ने उमरेड पुलिस की सहायता से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्णय लिया. कार्रवाई के दरम्यान अतिक्रमण करने वाले छोटे व अन्य दुकानदारों ने उनके लिए नप प्रशासन द्वारा पर्यायी व्यवस्था करने की मांग की है.

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### शिवपाल यादव

**कामठी.** यादव नगर निवासी और बरिएमं के युवा नेता शिवपाल जगन्नाथ यादव का गुरुवार को सुबह दुखद निधन हो गया. उनकी शव यात्रा गुरुवार दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान यादव नगर से निकालकर अजनी मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया. वे अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़ गए.

# अब सर्द हवाओं से बढ़ती जा रही है ठिठुरन

## > गांवों में जलने लगे अलाव, लोगों को अब धूप लगने लगी सुहानी

**गोंदिया.**



अब मौसम ने करवट ले ली या व्यार का दल कर जिससे रात और सुबह के वक्त में लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास होने लगा है. जबकि तापमान में दिन प्रतिदिन गिरावट होने से ठंड में वृद्धि होती जा रही है. विशेषकर रात व सुबह के वक्त हवा में हल्की सिहरन के साथ ठंड महसूस होने लगी है. उधर ठंड का अहसास होने के साथ ही इससे बचने के लिए लोगों ने गर्म वस्त्र का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है. गत कुछ दिनों से ठंड बढ़ने लगी है. परिणामस्वरुप शहरी व ग्रामीण अंचल में नागरिक शाम के समय अलाव जलाते नजर आ रहे हैं. मौसम का मिजाज बदल रहा है. अब सुबह-शाम और रात के साथ दिन में भी ठंड का अहसास हो रहा है. सर्द हवाओं के कारण ठंड ने और भी जोर पकड़ लिया है. ठंड का असर ग्रामीण अंचल में भी हो रहा है. जहां शाम होते ही ग्रामीण पैरा का उपयोग कर अलाव जला रहे हैं. इसके अलावा घरों में गोरसी में गोबर के कंडे, लकड़ी जलाकर ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है. ठंड से ठिठुरते लोग इसके बचाव के लिए चाय की टपरी के पास सिमटे दिखाई पड़ रहे हैं. या इधर उधर पड़ी लकड़ी, टायर व कागज को जला कर सर्दी से निजात पाने का जुगाड़ कर रहे हैं. शहरी क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में रात के समय ठंड से बचने के लिए रूम हीटर का भी उपयोग किया जा रहा है.

मौसम बदलते ही धूप सुहानी लगने लगी है. अब दिन में भी तापमान में गिरावट होने लगी है. जिसके चलते धूप में भी हल्की ठंड का अहसास होने लगा है. साथ ही हवाओं से ठंड का असर और बढ़ता जा रहा है. धूप निकलने के बाद कुछ राहत मिली, लेकिन हवाओं के चलने से ठंड भी महसूस होती रही.

### ऊनी कपड़ों का बाजार हुआ गर्म

ठंड में अचानक हुई बढ़ोतरी को लेकर उनी कपड़ों का बाजार गर्म हो गया है. इसके विक्री में अचानक बढ़ोतरी हो गई है. ऊनी कपड़ों के विभिन्न स्थायी व फुटपाथी दुकानों पर खरीदारों की भीड़ देखी जा रही है. कोई कंबल, चादर तो कोई जैकेट तो कोई स्वेटर व मफलर आदि की खरीदारी कर रहे हैं. अधिकांश लोग खुद के लिए व अपने परिवार व बच्चों के लिए ऊनी कपड़ों की खरीदारी करने में मशगूल दिखाई दे रहे है. उधर युवा वर्ग स्टाइलिश जैकेट की खरीदारी करने में लगे हुए हैं.

# कल अग्निहोत्री महाविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन



**वर्धा.**

हर साल की तरह 14 जनवरी 2025 को सम्मान समारोह में पीएचडी धारकों और विभिन्न क्षेत्रों में वर्धा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों को वर्धा भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा. तथा स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को स्वास्थ्य भूषण और चिकित्सा क्रमशः सेवा भूषण और क्रीड़ा विभिन्न प्रकार के खेल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले को पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा. पीएचडी, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति अपना आवेदन, 20 दिसंबर 2024 तक डॉ. जी.आर. जंगमवार प्रिंसिपल, अग्निहोत्री कॉलेज ऑफ लॉ को सादर करें, ऐसा आवाहन आयोजकों द्वारा किया गया है. और अधिक जानकारी हेतु मो.नं. 8830387330 पर संपर्क करें.

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**वर्धा.**



लायंस क्लब गांधी सिटी वर्धा और कॉम्बैटाइज एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट के सहयोग से पहला मुथाई जिला स्तरीय प्रतियोगिता और प्रशिक्षण शिविर हाल ही में न्यू आर्ट्स कॉलेज ऑडिटोरियम हॉल वर्धा में आयोजित किया गया था और उद्घाटनकर्ता लायंस क्लब गांधी सिटी के निदेशक अनिल नरेडी ओर कार्यक्रम की अध्यक्षता संदीप चिचाटे उपस्थित थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लायंस क्लब गांधी सिटी के अध्यक्ष आशीष पोहाणे, सचिव चंद्रकांत डगवार, उपाध्यक्ष अतुल रुईकर, मनोज तेलहांडे, सुरेश कुमार बरे और राहुल तेलरांधे उपस्थित थे।

शिविर को राष्ट्रीय स्तर की एथलीट कुमारी रोशनी यादव ने मुथाई मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का संचालन कॉम्बैटाइज एकेडमी ऑफ मार्शल आर्ट एंड स्पोर्ट्स के प्रमुख विक्रांत गवाने ने किया। मार्शल आर्ट के क्षेत्र में विक्रांत गवाने ने कई जगहों पर मेडल जीते हैं और बेहतरीन एथलीट भी तैयार किए हैं। मार्शल आर्ट के क्षेत्र में उनके विशेष योगदान के लिए उन्हें लायंस क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। जिला स्तरीय मुथाई प्रतियोगिता एवं शिविर में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजन मुकुल रेंडके का सत्कार किया गया। धनश्री गोंडे, ज्ञानेश्वरी मसराम, आसावरी देशमुख, धनश्री अमनेरकर, उत्कर्षा डंभारे, निकिता बुरांडे, भारती कुमरे, आंचल कलस्कर, नमश्री पेंदोर, अनन्या पेंदोर, वैष्णवी मसराम, आरव सैयाम, पारस काटोलकर, अमेय लोहारे, मयंक कातोरे, प्रतीक कांबले, वीरेंद्र राठौड़ , धीरज राऊत, भूषण कलस्कर, ओम चांभारे, सौरभ कांबले, आदित्य श्रीवास्तव, प्रीतम महाडोले, प्रतीक्षा गोंडे, जयश्री गोंडे और भाग्यश्री गोंडे ने भाग लिया और शिविर को सफल बनाया। भाग लेने वाले छात्र और एथलीट अगले राज्य स्तरीय मुथाई प्रतियोगिता में वर्धा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस अवसर पर आयोजकों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रवेश हेतु विक्रांत गव्हाणे एवं मुकुल रेंडके से संपर्क करने को कहा गया

# ईवीएम विरोधी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत



**हिंगनघाट.**

2014 से एटीएम के माध्यम से भाजपा ने देश की सत्ता अपने हाथ में ली। महाराष्ट्र में भी महायुती सरकार बनाई गई। हालांकि, ईवीएम को लेकर जनता के बीच असंतोष बढ़ रहा है और देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इस संदर्भ में कांग्रेस जैसी बड़ी विपक्षी पार्टी को ईवीएम के खिलाफ गंभीर प्रयास करते हुए नहीं देखा जा रहा है। ऐसा आरोप वंचित बहुजन आघाडी के अध्यक्ष विवेक कांबले ने लगाया। हिंगनघाट के शासकीय विश्रामगृह में विधानसभा चुनाव के परिणामों की समीक्षा और ईवीएम विरोधी हस्ताक्षर अभियान पर चर्चा के लिए हिंगणघाट-समुद्रपुर-सिंधी रे. विधानसभा क्षेत्र की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विवेक कांबले ने की।

बैठक में वरिष्ठ नेता अशोक रामटेके, महिला आघाडी की जिला अध्यक्ष मंगला कांबले, समुद्रपुर अध्यक्ष राजू धाबर्डे, रवि कांबले, शहर प्रमुख कुणाल वासेकर, पंकज भगत, आश्विन तावड़े, सागर भजबुजे, मंगेश मानवटकर, सिद्धार्थ जमानकर समेत कई प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए विवेक कांबले ने कहा कि ईवीएम ने देश में लोकतांत्रिक गतिविधियों को खत्म करने का काम शुरू कर दिया है, जिसके चलते कम्युनिस्ट और आंबेडकरी आंदोलन कमजोर होते दिख रहे हैं।

इसका सबसे बड़ा नुकसान महाराष्ट्र में वंचित बहुजन आघाडी को हुआ है। हालांकि, पार्टी प्रमुख बालासाहब आंबेडकर ने संघर्ष जारी रखा है और अब ईवीएम के खिलाफ लड़ाई शुरू की है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में महाराष्ट्र में हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है।

विवेक कांबले ने कहा कि ईवीएम की वजह से कांग्रेस के विधायक, सांसद और कई प्रमुख नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो देश में भाजपा की एकपक्षीय सत्ता स्थापित होने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने कांग्रेस से ईवीएम विरोधी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक का प्रारंभिक वक्तव्य रवि कांबले ने दिया, संचालन पंकज भगत ने किया, और आभार प्रदर्शन अशोक रामटेके ने किया।

आज, 13 दिसंबर को दोपहर 4 बजे, हिंगनघाट में डॉ. बाबासाहब आंबेडकर की प्रतिमा के पास वंचित बहुजन आघाडी की ओर से ईवीएम विरोधी हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इस अभियान में कार्यकर्ताओं को समय पर उपस्थित रहने का आह्वान किया गया है।

# 104 ग्राम पंचायतों के पेयजल के स्त्रोत दूषित

## जिले की 549 में से 445 ग्रापं को ग्रीन कार्ड

## प्रदूषण नियंत्रण मंडल उदासीन

**गोंदिया.**

पानी गुणवत्ता समिति द्वारा जल स्त्रोत की जांच रिपोर्ट हाल ही में घोषित की गई है. इस रिपोर्ट में जिले की 549 ग्राम पंचायतों में दूषित पानी के स्त्रोत बड़े पैमाने पर पाए गए हैं. जिले की 104 ग्राम पंचायतों में पीने के पानी के स्त्रोत दूषित पाए जाने से गांवों में पीने योग्य पानी नहीं है. लेकिन उसे शुद्ध कर पीने योग्य बनाया जा सकता है. इसके लिए उपाय योजना करने की सूचना स्वास्थ्य विभाग ने दी है. दूषित पानी से टाइफाइड, बुखार व पेट से संबंधित बीमारियां फैलती हैं. जलजन्य रोग दूषित पानी में रहने वाले सूक्ष्मजीव तथा परजीवी की वजह से होता है. 80 प्रश. रोग दूषित पानी की वजह से होते हैं. बारिश की वजह से पानी का संचय व स्त्रोत दूषित होते हैं. आर्द्रता व गीलेपन की वजह से जलजन्य बीमारी के कीटाणुओं को बढ़ने में मदद मिलती है. बाहर और खुले में बिकने वाले अन्न पदार्थ खाने से भी बीमारियां होती हैं. गोंदिया जिले में राइस मिलों की संख्या काफी है. इन मिलों से निकलने वाला दूषित पानी जमीन में रिसने से आधा किमी. परिसर वाले जल स्त्रोत भी दूषित हो जाते हैं.



इसके बावजूद प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है. गोंदिया जिले का कामकाज भंडारा के प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा देखे जाने से गोंदिया की ओर उदासीनता बरती जा रही है. 8 तहसीलों के 12,192 जल स्त्रोतों की जांच जिले की 8 तहसीलों के 12,192 जल स्त्रोतों की जांच की गई. 1 से 31 अक्टूबर के बीच की गई जांच में जिले की 104 ग्राम पंचायतों में पीने के पानी के स्त्रोत दूषित पाए गए हैं. जिले में 657 नल योजना, 8,072 बोरवेल और 3,463 कुओं के पानी की जांच की गई.

प्रत्येक ग्रापं के पास ग्रीन कार्ड जरूरी पीने का पानी दूषित होने पर ग्रा. पं. को रेड कार्ड दिया जाता है. पीने का पानी ठीक होने तथा सुधार की जरूरत रहने पर येलो कार्ड दिया जाता है. जिस गांव में जलशुद्धिकरण कर ग्रामवासियों को जलापूर्ति की जाती है, उन संबंधित ग्रापं को ग्रीन कार्ड दिया जाता है.

# 'भाषाओं के माध्यम से एकता' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**वर्धा.**



महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में भारतीय भाषा उत्सव 2024 के अवसर पर बुधवार, 11 दिसंबर को महादेवी वर्मा सभागार में 'भाषाओं के माध्यम से एकता' विषय पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनसंचार विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृपाशंकर चौबे ने की। इस दौरान हिंदी, कन्नड़, तेलुगु, बांग्ला, उर्दू, मराठी, संस्कृत, मैथिली और उड़िया भाषाओं के महत्व और उनकी उपयोगिता पर विभिन्न वक्ताओं ने विचार रखे। हिंदी भाषा के संबंध में डॉ. अमरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि हिंदी ने स्वंतत्रता आंदोलन में संपर्क सूत्र की भूमिका निभायी। हिंदी का आंगन विशाल है और वह सभी भाषाओं को साथ लेकर चलती है। हिंदी हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। भाषा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. एच.ए. हुनगुंद ने कन्नड़ भाषा को लेकर कहा कि यह द्रविड़ परिवार की भाषा है। कन्नड़ के प्रसिद्ध साहित्यकारों के योगदान के कारण कन्नड़ भाषा का विस्तार हुआ है। यह एक समृद्ध भाषा है। डॉ. अनिर्बाण घोष ने बांग्ला भाषा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि बांग्ला भाषा बोलने वालो की संख्या 250 मिलियन से भी अधिक है।

उन्होंने बांग्ला भाषा के प्रख्यात लेखक रवीन्द्रनाथ टैगोर और अमर्त्य सेन के योगदान का उल्लेख किया। डॉ. घोष के सुपुत्र अभ्रदीप ने बांग्ला में कविता प्रस्तुत की। डॉ. हिमांशु शेखर ने उर्दू शायरी और उर्दू के लेखकों का उल्लेख करते हुए इसकी महत्ता प्रतिपादित की। डॉ. आम्रपाल शेंदरे ने मराठी भाषा के महत्व को बताते हुए कहा कि मराठी को हाल ही में अभिजात भाषा का दर्जा हासिल हुआ है। इस भाषा का दो हजार वर्ष का इतिहास है। डॉ. रामकृपाल ने संस्कृत भाषा को लेकर कहा कि यह सभ्यता और ज्ञान की भाषा है। वेद पुराण और उपनिषद इसी भाषा में लिखे गए हैं। शोधार्थी कंचन कुमारी ने मैथिली भाषा तथा शोधार्थी धरित्री स्वाई ने उडिया भाषा के साहित्य और उनके विस्तार पर अपनी बात रखी। कुलसचिव एवं दूर शिक्षा निदेशालय के निदेशक प्रो. आनंद पाटील ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए तेलुगु और तमिल भाषाओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय भाषाओं में प्रयुक्त शब्दों का प्रयोग करते हुए अपनी भाषा को विस्तार देना चाहिए। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि हमें सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करते हुए एक से अधिक भाषाओं को सीखने की जिज्ञासा पैदा करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भाषा विज्ञान विभाग के शोधार्थी पंकज कुमार टेंभरे ने किया। मंगलाचरण संस्कृत विभाग के शोधार्थी देव शर्मा ने किया। इस अवसर पर अध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पहली बार 5 हेक्टेयर में होगी बांस की खेती

**गोंदिया.**

खाली पड़ी भूमि को खेती योग्य बनाकर किसानों को आर्थिक आय का जरिया उपलब्ध कराने के लिए जिले में बांस की खेती का अभियान चलाया जा रहा है. इस योजना के तहत जिले में कम से कम पांच हजार हेक्टेयर में रोजगार गारंटी योजना व अन्य प्रणालियों के माध्यम से बांस लगाने का लक्ष्य है.5 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में 55 लाख 55 हजार बांस लगाए जाएंगे. मग्रारोहयो योजना के तहत जिले में बांस मिशन अभियान चलाया जा रहा है. जिले के लिए बांस की खेती का लक्ष्य पांच हजार हेक्टेयर है. इसके लिए




पंचायत समिति कृषि विभाग, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, वन विभाग, सामाजिक वानिकी विभाग को जिम्मेदारी दी गई है. इस योजना के तहत एक हेक्टेयर क्षेत्र पर व्यक्तिगत बांस की खेती और सार्वजनिक बांस की खेती के लिए चार साल के रखरखाव के लिए 7 लाख चार हजार 646 रु. और व्यक्तिगत खेतों पर बांस की खेती के लिए चार साल के रखरखाव के लिए 84 हजार 274 रु. का बजट स्वीकृत किया गया है. इस वर्ष 55 लाख 55 हजार पौधे लगाए जाएंगे. इस तरह है योजना जिले के जो किसान इस योजना के तहत बांस लगाना चाहते हैं वे ग्राम रोजगार सेवक के माध्यम से अपना प्रस्ताव तैयार कर ग्राम पंचायत से प्रस्ताव लेकर पंचायत समिति में जमा कर सकते हैं. इस प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद शासन द्वारा सहमति पत्र के साथ निर्धारित नर्सरी से ही पौधे खरीदी किए जाएंगे. इन पौधों को 15 बाय 15 की जगह में लगाना होगा. इसके बाद प्रत्येक चरणों में सात लाख रु. का अनुदान दिया जाएगा.

# विदर्भ के विकास के लिए नागपुर शीतकालीन सत्र एक महीने तक हो: झाड़े

**वर्धा.**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सदस्य यशवंत झाड़े ने मांग की है कि नागपुर में हर साल होने वाला शीतकालीन सत्र एक महीने तक चले। उन्होंने कहा कि विदर्भ के विकास से जुड़े अहम मुद्दों पर 7-10 दिन के सत्र में पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती. उन्होंने कहा कि विदर्भ में खनिज, जल, कोयला और बिजली जैसी अपार संपदा होने के बावजूद क्षेत्र में विकास और बुनियादी सुविधाओं की कमी है। किसानों की आत्महत्याएं, बेरोजगारी, और खराब सड़कों की समस्याएं अभी भी बनी हुई हैं। झाड़े ने सभी राजनीतिक दलों और विधायकों से अपील की है कि विदर्भ के मुद्दों को सत्र में प्रमुखता से उठाया जाए, ताकि क्षेत्र को न्याय मिल सके।

# किसान जैविक खेती की ओर आकर्षित

**गोंदिया.**



रासायनिक खाद और हाइब्रिड बीजों के बढ़ते इस्तेमाल के कारण खेती की लागत दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है. लेकिन, उत्पादन बहुत कम होने कारण किसानों को खेती करना घाटे को सौंपा करना जैसे हो गया है.

इसके अलावा, रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है. इन सबके विकल्प के रूप में पर्यावरण अनुकूल जैविक खेती का विकल्प सामने आ रहा है. यह सुखद तस्वीर है कि जिले के एक हजार किसानों ने इस खेती को अपनाया है, क्योंकि किसान इस महत्व को समझने लगे हैं. अधिक उत्पादन की चाहत के कारण रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग बढ़ रहा है. परिणामस्वरूप भूमि की उत्पादकता कम हो रही है. एक सर्वे के बाद यह बात सामने आई है कि

### 20 किसान समूहों का गठन, हाइब्रिड बीजों से लागत बढ़ी

रासायनिक खादों और कीटनाशकों के जरिए उगाई गई फसलों से कैंसर की बीमारी बढ़ रही है. इन सबको रोकने के लिए जैविक और प्राकृतिक खेती का आह्वान किया जा रहा है. अब जब यह बात किसानों के सामने आई है तो तस्वीर यह है कि वे भी जैविक खेती की ओर रुख कर रहे हैं.

आत्मा परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत जैविक खेती के लिए जिले में 20 किसान समूहों का गठन किया गया. इन 20 समूहों में एक हजार किसान शामिल हैं.

# विधायक भोयर ने की सिंचाई और सड़क निर्माण के लिए मुख्यमंत्री से फंड की मांग

## > विधायक भोयर एक्शन मोड पर, किसानों को होगा फायदा

**वर्धा.**

तीसरी बार शपथ ग्रहण के बाद विकास कार्यों को लेकर पंकज भोयर एक्शन मोड में हैं. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सेलू के बोर व धाम प्रकल्प धरण व वितरण व्यवस्था का नुतनीकरण व मतदार संघ में पांदण रास्ते के लिए निधि की मांग विधायक भोयर ने की.

इस संबंध में, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को दिए एक ज्ञापन में भोयर ने बोर और धाम परियोजना की वर्तमान स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। बोर परियोजना 1967 में बनाई गई थी। परियोजना से 77 गांवों की 16194 हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में आ गई है। परियोजना जल भंडारण 134.542 दलघमी है. मृत स्टॉक 11.30 दलघमी और उपयोगी भंडारण 123.212 दलघमी है। परियोजना की बायीं नहर की लम्बाई 26.61 कि.मी. है। साथ ही मुख्य नहर, शाखा नहर, वितरिकाओं एवं लघु वितरिकाओं की लंबाई 246.98 किमी है। हालाँकि, परियोजना के निर्माण में 56 साल लगने के कारण बांध टैंक में गाद जमा हो गई है, जिसका असर जमा पानी पर पड़ा है। साथ ही मुख्य नहर, शाखा नहरों व वितरणियों की स्थिति से सिंचाई क्षमता प्रभावित हुई है. पिछले पांच वर्षों में औसतन 3947 हेक्टेयर में सिंचाई हुई है, इससे पता चलता है कि बोर परियोजना से किसानों को कोई लाभ नहीं हो रहा है क्योंकि यह अपने सिंचाई लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम नहीं है। हालाँकि, बोर परियोजना का नवीनीकरण करना आज आवश्यक हो गया है। इसके लिए 413.24 करोड़ रुपए की जरूरत है और बजट के मुताबिक विदर्भ सिंचाई विकास निगम नागपुर ने अधीक्षक अभियंता नाशिक को प्रस्ताव भेजा है. इसके मुताबिक 72 करोड़ रुपये का फंड मंजूर किया गया है. उक्त धनराशि तत्काल दी जाए, ऐसा भी भोयर ने कहा है. धाम परियोजना का भी कुछ ऐसा ही हाल है. धाम परियोजना का निर्माण 1986 में महाकली गांव के पास पूरा हुआ। 1987 में नहरों का काम पूरा हुआ और परियोजना के कारण वर्धा, हिंगनघाट और समुद्रपुर तालुका के 39 गांवों की 9500 हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में आ गई। परियोजना की दायीं नहर की लम्बाई 47.42 किमी है।



साथ ही मुख्य नहर, शाखा नहर, वितरिकाओं एवं लघु वितरिकाओं की लंबाई 177.70 किमी है। लेकिन 38 वर्षों में परियोजना की मरम्मत नहीं होने के कारण पिछले पांच वर्षों में औसतन 1 हजार हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो रही है. क्षमता का मात्र दस प्रतिशत ही सिंचाई हो पा रही है। उक्त परियोजना के बांधों और नहरों की मरम्मत के लिए 402.54 करोड़ रुपये की आवश्यकता है और ऐसा प्रस्ताव विदर्भ सिंचाई विकास निगम की तकनीकी सलाहकार समिति द्वारा भेजा गया है। इस प्रस्ताव को मंजूरी दी जानी चाहिए और धन आवंटित किया जाना चाहिए, साथ ही हमने वर्धा-सेलु विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपये की निधि भी मंजूरी दी है, ऐसी मांग पंकज भोयर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की है.

# विधायक विनोद अग्रवाल ने किया निरीक्षण

**गोंदिया.**



पुराने ओवर ब्रिज की जगह पर उसी पैटर्न पर नए निर्माणाधीन पूल के शुरू कार्य को गति देने आज विधायक विनोद अग्रवाल ने सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अधिकारियों के साथ कार्य का निरीक्षण किया।विधायक विनोद अग्रवाल ने दक्षिण साइट पर मनोहर म्युनिसिपल स्कूल के समीप कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए। वही निर्माण में होने वाली किसी भी तरह की बाधाओं को दूर कर कार्य तय समय सीमा में जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा, कार्य के निर्माण में गति धीमी देखी जा रही है।

कार्य में गति लाकर इसे रेकॉर्ड टाइमिंग में पूर्ण किया जाना आवश्यक है। पुल के निचले हिस्से पर दोनों तरफ रास्तो के निर्माण पर व जगह को लेकर भी निरीक्षण कर चर्चा की गई। इस दौरान सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अभियंता चुल पार, उप अभियंता रुद्रकर एवं अनूप कटरे उपस्थित रहे।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com



### डूम्मन गिरी पहलवान

**कामठी.** रणाला निवासी कुश्तीगिर डूम्मन भैयाजी गिरी पहलवान (95) का गुरुवार को निधन हो गया है. उनकी शव यात्रा आज शुक्रवार को 10 बजे उनके निवास स्थान पुराना गांव से निकालकर रणाला मोक्षधाम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. वे अपने पीछे चार पुत्र, चार पुत्री सहित नाती पोते के साथ भरापुरा परिवार छोड़ गए.

CMYK

# अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सजी फिल्म 'द रैबिट हाउस'






**नागपुर.** 21 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार जीतने वाली फिल्म 'द रैबिट हाउस' का प्रमोशनल टूर अपने अंतिम पड़ाव पर नागपुर में समाप्त हुआ। दिल्ली और लखनऊ जैसे शहरों में सफल आयोजनों के बाद, फिल्म की टीम ने ऑरेंज सिटी में अपनी आखिरी प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। यह फिल्म मानसिक स्वास्थ्य, समाज की अपेक्षाओं और व्यक्तिगत स्वतंत्रता जैसे संवेदनशील मुद्दों पर केंद्रित है। इसे 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फिल्म के डायरेक्टर वैभव कुलकर्णी ने नागपुर को टूर समाप्त करने के लिए चुने जाने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, "नागपुर की संस्कृति और गर्मजोशी इस सफर को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त थी। फिल्म की कहानी हर वर्ग के दर्शकों से जुड़ती है, और हमें देशभर में मिले समर्थन ने हमें प्रेरित किया है।" फिल्म के प्रोड्यूसर कृष्णा पांधरे ने बताया कि यह फिल्म ऐसी कहानियों को उजागर करती है, जो हर किसी के दिल को छूती हैं। उन्होंने कहा, "मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक अपेक्षाओं जैसे मुद्दों पर आधारित यह फिल्म दर्शकों को सोचने पर मजबूर करेगी।" मुख्य अभिनेता अमित रियान ने कहा, "नागपुर मेरे दिल के करीब है। मैं आशा करता हूं कि मेरा किरदार मानसिक स्वास्थ्य पर एक जरूरी संवाद शुरू करेगा। नागपुर के दर्शकों से बातचीत एक यादगार अनुभव रहा।" फिल्म में अभिनय कर रहे पद्मनाभ गायकवाड़ ने कहा, "नागपुर हमेशा कला और संस्कृति का केंद्र रहा है। यहां के लोगों से मिले प्यार और समर्थन ने मुझे प्रोत्साहित किया है।" अभिनेत्री करिश्मा ने नागपुर के साथ अपनी खास जुड़ाव को साझा करते हुए कहा, "यहां के लोगों की गर्मजोशी और उत्साह हमारी फिल्म की भावना को दर्शाता है।" फिल्म की टीम ने नागपुर की ऐतिहासिक स्थलों जैसे दीक्षाभूमि और फुटाला लेक का दौरा किया। साथ ही उन्होंने यहां के प्रसिद्ध संतरे की बर्फी और सावजी व्यंजनों का स्वाद भी चखा। प्रोड्यूसर सुनीता पांधरे ने कहा, "नागपुर का इतिहास और आधुनिकता का अनोखा मेल हमारी फिल्म की थीम्स से मेल खाता है।"

## नागपुर में बनी चर्चा का केंद्र 20 दिसंबर को होगी रिलीज

### अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिली पहचान

'द रैबिट हाउस' ने 2024 एकोलेट कम्पटीशन में अवॉर्ड ऑफ मेरिट और चौरी चौरा अंतरराष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट फीचर फिल्म जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते हैं। मुख्य अभिनेता अमित रियान को चौरी चौरा फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड भी मिला, जिसने फिल्म के प्रति दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ा दी हैं।

'द रैबिट हाउस' अपनी मजबूत कहानी, प्रभावशाली अभिनय और शानदार संगीत के लिए चर्चा में है। अंतरराष्ट्रीय मंच पर इसे मिली सराहना के बाद, दर्शकों को इसके सिनेमाघरों में आने का बेसब्री से इंतजार है। 20 दिसंबर को रिलीज होने वाली यह फिल्म दर्शकों के दिलों को छूने और समाज में एक नई बहस छेड़ने के लिए तैयार है।

# मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से नानाभाऊ मोहोड़ ने की सौजन्य भेंट

**सौंसर.**



नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के सौसर प्रवास के दौरान पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ ने उनसे सौजन्य भेंट की। इस दौरान मोहोड़ ने मंत्री विजयवर्गीय को नागपुर, विदर्भ और सावनेर विधानसभा में मिली ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी। भेंट के दौरान जिले के पांढुर्णा क्षेत्र में चल रहे और भविष्य में होने वाले विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मोहोड़ ने पांढुर्णा क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक योजनाओं और संसाधनों पर मंत्री विजयवर्गीय का ध्यान आकर्षित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय विकास और जनता से जुड़े मुद्दों पर भी संवाद हुआ। मंत्री विजयवर्गीय ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 456-5 | 390-2 |
| श्रीदेवी नाईट | 269-7 | 467-7 |
| प्रभात | 578-0 | 229-3 |
| प्रभात नाईट | 890-7 | - |
| डायमंड | 226-0 | 569-0 |
| मेन बाजार | 123-6 | - |
| मिलन डे | 568-9 | 235-0 |
| मेन रतन | 345-2 | 220-4 |
| कल्याण | 114-6 | 359-7 |
| राजधानी डे | 138-2 | 150-6 |
| राजधानी नाईट | 256-3 | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 234-9 | 260-8 |

# 15 को स्टील और हार्डवेयर चेंबर ऑफ विदर्भ का बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट

**नागपुर.** विदर्भ के लोहे और हार्डवेयर व्यवसाय से जुड़े सदस्यों के लिए स्टील और हार्डवेयर चेंबर ऑफ विदर्भ ने एक बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया है। यह टूर्नामेंट रविवार, 15 दिसंबर 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू होगा। आयोजन स्थल भंडारा रोड स्थित बटल ग्राउंड, हरीहर मंदिर के पास रखा गया है। इस टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक सेल नेक्स स्ट्रक्चर (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) हैं। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग लेंगी, जिनमें शामिल हैं: सेल टीम, भगवती स्ट्राइकर्स, स्टील वॉरियर्स, सावरिया सुपर किंग्स, मेटल प्लेयर्स, फॉर्च्यून टीएमटी, सुंदर स्ट्राइकर्स, मेटाफेन्स. टीमें 12 लीग मैच खेलेंगी। इसके बाद दो सेमीफाइनल और फाइनल मैच आयोजित होंगे। चेंबर के अध्यक्ष राजेश सारडा ने सभी सदस्यों से इस आयोजन में भाग लेने और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है। वहीं, मानद सचिव दिनेश पी. अग्रवाल ने जानकारी दी कि फाइनल मैच के बाद विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम चेंबर के अध्यक्ष और सेल के शाखा प्रबंधक की उपस्थिति में होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में चेंबर की कार्यकारिणी और विशेष रूप से खेल समिति के संयोजक आनंद रांदर और सह-संयोजक मुकुल अग्रवाल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। चेंबर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में इसे एक उत्सवपूर्ण और रोमांचक आयोजन बताया गया है।





